# MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA
**Cambridge International**

TERM END EXAM: II    Subject: Hindi    Date: 03.04.2024

Student's Name: ________________________________ Roll No. _______ Grade: 7

Marks: 70    Time: 120 minutes    Invigilator's Sign.

**प्रश्न १ अ) 'रेगिस्तान के रोचक तथ्य'इस आलेख को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(8)**

**(The extract is given on a separate paper)**

१) किसकी उपस्थिति पृथ्वी पर सदैव रही हैं ?

______________________________________________________________

२) पृथ्वी का कितना पृष्ठभाग रेगिस्तान से घिरा हैं ?

______________________________________________________________

३) सबसे बड़ा रेतीला सागर कहाँ पर हैं तथा कितने क्षेत्र में फैला हुआ हैं?

______________________________________________________________

४) विश्व में रेत का सबसे बड़ा स्रोत कौन-सा है ?

______________________________________________________________

५) वैज्ञानिकों के अनुसार रेगिस्तान में वार्षिक वर्षा कितनी होती हैं ?

______________________________________________________________

६) रेगिस्तानों में पाये जाने वाला सबसे विशाल पौधा कौन-सा है ?

______________________________________________________________

७) ‘ स्थायी ‘ शब्द का विलोम शब्द गद्यांश से लिखिए ?

__________________________________________________

८) अधिकांश रेगिस्तान कहाँ स्थित है?

__________________________________________________

**ब) किसने, किससे कहा |** **(1)**

“हमारी दर तो एक ही है | एक दिन के हज़ार रुपये|”

__________________________________________________

**क) निम्नलिखित शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए |** **(2)**

१) हेय - ______________________________________

२) दुभाषिया - ______________________________________

**ड) निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए |** **(1)**

१) अपना उल्लू सीधा करना - ________________________________

**इ) निम्नलिखित शब्द समूह के लिए सही विकल्प चुनिए |** **(2)**

१) जितना चाहिए उतना

अ) पर्याप्त ☐ ब) परिचित ☐

२) रत्नों का व्यवसाय करनेवाला

अ) किसान ☐ ब) जौहरी ☐

**ई) निम्नलिखित पठित पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(8)**

**(The extract is given on a separate paper)**

१) बरसात के बाद नई बस्ती की ओर जाने से पहले दीना ने क्या सोचा ?

______________________________________________

२) हरेक को सरकार की तरफ से कितनी ज़मीन मिली हुई थी ?

______________________________________________

३) नई जगह जाने के लिए दीना ने किस तरह नकदी इकट्ठी की ?

______________________________________________

४) कागज़ात / डाक्यूमेंट्स इस अर्थ के लिए पर्यायवाची शब्द गद्यांश से लिखिए |

______________________________________________

५) दीना कितनी एकड़ ज़मीन का मालिक बन गया?

______________________________________________

६) ज़मीन बंजर थी|

उपर्युक्त वाक्य को विपरित अर्थ में लिखिए|

______________________________________________

७) 'पालतू जानवर' इस अर्थ का कौन- सा शब्द गद्यांश में आया है?

______________________________________________

८) दीना के कितने बच्चे थे?

______________________________________________

**प्रश्न २ अ) सही या गलत लिखिए|** **(2)**

१) जयचंद्र पृथ्वीराज चव्हाण का परम-मित्र था| __________

२) दीना को केवल वहीं दो गज ज़मीन मिली जिस पर वह मृत पड़ा था| __________

**ब) अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए|** **(6)**

**(The extract is given on a separate paper)**

१) कविता में खिलौनेवाले से सरला क्या लेना चाहती है?

______________________________________________

२) मोहन और मुन्नू ने क्या लिया ?

______________________________________________

३) 'तीर-कमान' इस शब्द का पर्यायवाची शब्द कविता में ढूँढकर लिखिए|

______________________________________________

४) अम्मा ने खिलौनों के लिए कितने पैसे दिए ?

______________________________________________

५) 'sword' इस अंग्रेज़ी शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए|

______________________________________________

६) वचन बदलिए | साड़ियाँ - ________________

**क) 'पानी का महत्व' इस लेख को ध्यान से पढ़े तथा कोष्ठक में सही (√) का निशान लगाकर बताइए कि कौन- सा अनुच्छेद (A-D) किस वक्तव्य से संबंधित है|** **(8)**

**(The extract is given on a separate paper.)**

१) देबाशीष के मित्र और पडोसी उनके काम की प्रशंसा करके साथ-साथ उनका सहयोग भी करते हैं|

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

२) लोग पानी की कमी को समझ नही पा रहें है और ज्यादा पानी बर्बाद कर रहें हैं |

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

३) देबाशीष घोष एक सरकारी अधिकारी है |

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

४) रिटायर होने के बाद भी देबाशीष नल की टोटियों को ठीक करने का काम करते रहने वाले हैं |

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

५) देबाशीष पेड़-पौधे लगाने तथा तालाब को साफ़ करने में भी अपना सहयोग देते है |

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

६) देबाशीष को लोग नगर निगम का आदमी समझते है |

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

७) भविष्य में लोग तेल के लिए नहीं, पानी के लिए लड़ेंगे |

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

८) देबाशीष के अनुसार रास्ते में खुले नल की टोटी लोग बंद नहीं करते |

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

**ड) पठित कविता 'कठपुतली' के अनुसार सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?**

१) **निम्नलिखित** में से 'कठपुतली' पाठ के रचयिता कौन है ? **(5)**

अ) सुभद्रा कुमारी चौहान ☐ ब) भवानी प्रसाद मिश्र ☐

क) मैथिलिशरण गुप्त ☐ ड) इनमें से कोई नहीं ☐

२) कठपुतली के मन में कौन-सी इच्छा जगी ?

अ) नाचने की ☐ ब) घुमने की ☐

क) स्वतंत्र होने की ☐ ड) इनमें से कोई नहीं ☐

३) कठपुतली को किनसे परेशानी थी ?

अ) धागों से ☐ ब) लकड़ी से ☐

क) अपने पाँवों से ☐ ड) इनमें से कोई नहीं ☐

४) 'काठ' का मतलब क्या है?

अ) जंजीर ☐ ब) लड़की ☐

क) लकड़ी ☐ ड) इनमें से कोई नहीं ☐

५) इस कविता के माध्यम से कवि ने किसके महत्व को बताया है ?

अ) समय के ☐ ब) स्वतंत्रता के ☐

क) धन के ☐ ड) इनमें से कोई नहीं ☐

**इ) विलोम शब्द लिखिए | (2)**

१) स्वाभाविक - ________________ २) हिंसा - ________________

**ई) वर्ण विच्छेद कीजिए | (2)**

१) कठपुतली - ____________________________________________

**प्रश्न ३ अ) खाना खाने के निम्नलिखित नियमों के लिए सही ( √ ) और गलत ( × ) का निशान लगाइए | (4)**

१) फल हमेशा दिन के समय खाएँ, रात में न खाएँ | ☐

२) खाना अच्छे से चबाकर खाएँ, इससे पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है | ☐

३) खाना किसी भी समय पर खा लेना चाहिए | ☐

४) खाना हमेशा सिमित मात्रा में ही खाना चाहिए | ☐

**प्रश्न ४ अ) प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई भी दो)** **(2)**

१) कहानी के अनुसार किसान की बेटियों का जीवन परस्पर भिन्न कैसे था ?

___

२) पृथ्वीराज बाण चलाने की कौन-सी कला में महारथी थे ?

___

३) कविता की इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए|

कठपुतलियों को भी समझ में आया
कि हम तो कोरे काठ की हैं,
जब तक धागे हैं, बाजीगर है,
तब तक ठाट की हैं |

___

___

___

**ब) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(5)**

१) लियो टॉलस्टॉय कौन थे ?

___

२) लियो टॉलस्टॉय की रूचि किसमें थी ?

___

३) लियो टॉलस्टॉय इनकी कोई भी दो प्रसिद्ध रचनाएँ लिखिए|

___

४) लियो टॉलस्टॉय किसके लिए तरसते रहें ?

________________________________________________________

५) लियो टॉलस्टॉय इनकी मृत्यु कब हुई ?

________________________________________________________

**क) संज्ञा के कितने भेद है ? कोई भी दो भेद लिखिए | (2)**

________________________________________________________

________________________________________________________

## लेखन कौशल

**प्रश्न ५ अ) प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त होने पर डायरी लिखिए | (5)**

**अथवा**

**आ) छोटे भाई को पुरस्कार मिलने पर बधाई पत्र लिखिए |**

**ब) निम्नलिखित किसी भी एक विषय पर निबंध लिखिए | (5)**

१) मेरी माँ २) साईकिल की सवारी

________________________________________________________

________________________________________________________

________________________________________________________

________________________________________________________

________________________________________________________

________________________________________________________

________________________________________________________

****************************

## Extract (Grade 7)

**प्रश्न १ अ)**

सम्पूर्ण पृथ्वी के इतिहास में रेगिस्तान की उपस्थिति सदैव रही है | वैज्ञानिकों के अनुसार रेगिस्तान वह क्षेत्र हैं जहाँ वार्षिक वर्षा 250 मि.मि. से कम होती है | विश्व में वर्षा की सर्वाधिक अनियमितता रेगिस्तानों में ही देखी गई हैं | रेगिस्तान धरती के विशाल क्षेत्र में विस्तरित हैं | महासागरों के पश्चात रेगिस्तान धरती के सबसे बड़े पर्यावरण तंत्र हैं | पृथ्वी की लगभग एक-तिहाई भूमि रेगिस्तानों से घिरी हैं |

अधिकांश रेगिस्तान कर्क रेखा व मकर रेखा के निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं | यह स्थान दोनों अक्षांशो पर भूमध्य रेखा से 300 अंश पर स्थित हैं | रेगिस्तान अस्थायी हैं जो सिकुड़ते व विस्तारित भी होते रहते हैं | विश्व की कुल रेगिस्तानी भूमि में केवल 15 से 20 प्रतिशत भाग पूरी तरह रेत से ढका है | करीब 56000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला अरेबिया का रब आल ख़ाली रेगिस्तान सबसे बड़ा रेतीला सागर हैं | रेगिस्तान में रात्रि तथा दिन के तापमान में काफी अंतर होता हैं | सहारा रेगिस्तान रेत का सबसे बड़ा स्रोत हैं | यहाँ एक वर्ष में 6 से 20 करोड़ टन रेत का उत्पादन होता हैं | अटकामा संसार का सबसे शुष्क क्षेत्र हैं | सेगुआरो नागफनी संसार के रेगिस्तानों में पाए जाने वाला सबसे विशाल पौधा होता है |

**प्रश्न १ ई)**

दीना के मन में अभिलाषा पैदा हुई | उसने सोचा कि मैं यहाँ तंग संकरी-सी जगह में पड़ा क्या कर रहा हूँ, जबकि दूसरी जगह मौका खुला पड़ा है | यहाँ की जमीं, घर-बार बेच-बाचकर नकदी बनाकर वहीं क्यों न चला जाऊँ? और नए सिरे से शुरुआत करूँ | यहाँ लोगों के रोज़ के लड़ाई झगड़े से भी बचूँगा | इस तरह, बरसात के बाद तैयारी कर, वह उस नई बस्ती कि ओर चल दिया | वहाँ देखा कि जो उस आदमी ने कहा था, सब सच है | सबके पास खूब ज़मीन है | हरेक को सरकार की तरफ से बीस-बीस एकड़ जमींन मिली हुई हैं, या जो चाहे खरीद सकता हैं और खास बात यह कि कम कीमत में जितनी चाहे जमीं ले लो |

नई जगह से सारी जानकारी लेकर दीना घर पहुँचा | गाँव की जमीन, मवेशी आदि बेचकर नकदी इकट्ठी कर परिवार सहित उस जगह पहुँच गया | जाते ही उसे गाँव की पंचायत में शामिल होने की अर्जी दी | पंचो की उसने खूब खातिर की और दावते दी | जमींन के दस्तावेज उसे सहज मिल गए | यहाँ तक उसके पाँच बच्चो को भी पाँच हिस्से दिए गए | इस तरह वह सौ एकड़ जमींन का मालिक बन गया | जमीन उपजाऊ थी | वह पहले से कई गुना खुशहाल हो गया | उसके पास चराई के लिए खुला मैदान-का-मैदान पड़ा था और जितने चाहे वह ढोर रख सकता था |

**प्रश्न २ ब**

| | |
|---|---|
| वह देखो माँ आज<br>खिलौनेवाला फिरसे आया है \|<br>कई तरह के सुंदर-सुंदर<br>नए खिलौने लाया है \|<br>छोटे- छोटे धनुष बाण हैं \|<br>हैं छोटी -छोटी तलवार<br>नए खिलौने ले लो भैया<br>ज़ोर - ज़ोर वह रहा पुकार \|<br>मुन्नू ने गुड़िया ले ली है<br>मोहन ने मोटर- गाड़ी | मचल- मचल सरला करती है<br>माँ से लेने को साड़ी \|<br>कभी खिलौनेवाला भी माँ<br>क्या साड़ी ले आता है\|<br>साड़ी तो वह कपड़े वाला<br>कभी - कभी दे जाता है \|<br>अम्मा तुमने तो<br>मुझे दे दिए पैसे चार<br>कौन खिलौने ले आता हूँ मैं<br>तुम भी तो मन में करो विचार\| |

**प्रश्न २ क)**

A. एक-एक बूँद पानी की अहमियत समझनी हो तो देबाशीष घोष से मिलिए| पेशे से सरकारी अधिकारी और शौक है रास्ते में टपकते नल की मरम्मत करना | रास्तों पर चलते वक्त जब भी उन्हें कोई टपकता नल दिखता है तो वह उसको ठीक करने में लग जाते हैं | वह पेड़ पौधे लगाने में सक्रिय रहने के साथ ही तालाब साफ़ कराने जैसे काम में भी शामिल रहते हैं|

B. देबाशीष का कहना है कि जितनी पानी की कमी है उससे ज़्यादा पानी बर्बाद किया जा रहा हैं | लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि आने वाले वक़्त में लोग तेल के लिए नहीं बल्कि पानी के लिए लड़ेंगे | उन्होंने कहा, 'यह हमारी धरती है और हमें ही अपना घर बचाना होगा | अगर मैं पानी बचाता हूँ तो कल मेरे बच्चे उसके लिए परेशान नहीं होंगे | अगर हमारे हाथ से खून बहने लगे तो हम उसे रोकने का उपाय करते हैं, लेकिन जब हमें सड़क पर कोई टोटी खुली हुई दिखती है तो हम उसे बंद करने का प्रयास क्यों नहीं करते?

C. देबाशीष दो साल बाद रिटायर हो जाएँगे | फिर उनके पास इस काम को करने का काफ़ी वक्त होगा| उन्होंने बताया कि अभी वह सिर्फ छुट्टीयों में ही यह काम करते है | उनकी पत्नी शांता ने कहा, 'शुरू में मुझे इनके काम को देखकर लगता था कि यह समय की बर्बादी है | मैं सोचती थी कि वह किसी दुसरे के लिए क्यों काम करते हैं ? लेकिन कुछ दिनों के बाद मुझे यह अहसास हुआ कि वह समाज के लिए काफ़ी भलाई का काम कर रहे हैं ?'

D. देबाशीष के काम को उनके पडोसी और मित्र सराहने के साथ ही उनका सहयोग भी करते हैं ? उनके एक साथी सौभिक घोष ने कहा, 'उनके काम को देखकर हम सभी आगे आए | मैंने आज तक किसी को ऐसे करते नहीं देखा हैं | देबाशीष ने कहा, 'हर कोई यह सोचता है कि मैं नगर निगम का आदमी हूँ | निगम अच्छा काम का रहा है | हमें उनके काम को सपोर्ट करने की ज़रुरत है | मैं निगम के सहयोग से काम करना पसंद करूँगा |

**प्रश्न ४ ब)**

लियो टॉलस्टॉय एक विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार थे | उनका जन्म ९ सितम्बर १८२८ में रूस के एक संपन्न परिवार में हुआ था | वे सेना में भी कार्यरत रहें लेकिन उन्हें लेखन में रूचि थी | अत: एक वर्ष में ही सेना छोड़कर लौट आए |

उनकी प्रमुख रचना 'बार एंड पिस' और एना केरिनिना ने उन्हें साहित्य जगत में विशेष स्थान दिलाया | उनकी अन्य रचनाएँ 'द पॉवर ऑफ़ डार्वफनेस', 'द लिविंग कार्पेस', 'द प्रूफट्स ऑफ इनलाइटमेंट' आदि है |

धन-दौलत व साहित्यिक प्रतिभा के बावजूद टॉलस्टॉय मन की शांति के लिए तरसते रहें| अंततः 1890 में उन्होंने धन- संपत्ति त्याग दी | अपने परिवार को छोड़कर, वे ईश्वर व गरीबों की सेवा करने हेतु निकल पड़े | उनके स्वास्थ्य ने अधिक दिनों तक उनका साथ नहीं दिया | आखिरकार, 20 नवम्बर 1910 को अस्तापवा नमक एक छोटे से रेल्वे स्टेशन पर इस धनिक पुत्र और महान साहित्यकार ने एक गरीब, निराश्रित, बीमार वृद्ध के रूप मृत्यु को गले लगा लिया |

**************************

**MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA**

**Cambridge International**

TERM END EXAM: II  Subject: Hindi (Listening Skill)  Date: 03.04.2024

Student's Name: ________________________________ Roll No. ______ Grade: 7

Marks: 10  Time Duration: 15 minutes  Invigilator's Sign.

## श्रवण कौशल

**प्रश्न 1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए|** **(10)**

१) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का क्या अर्थ हैं ?

______________________________________________________________

२) माता-पिता, गुरुजन एवं परिजन हमारे कौन होते हैं ?

______________________________________________________________

३) कौन सुखी एवं उज्वल जीवन जीता है ?

______________________________________________________________

४) संसार में जितने भी _______________ हुए है, उनके जीवन अनुशासित रहें हैं|

५) 'सन्मार्ग' इस शब्द का विलोम शब्द लिखिए |

_______________________

*************************